हमारे दो ही पालनहार भजन लिरिक्स

हमारे दो ही पालनहार,
एक तो है श्री राम जी,
दूजे बालाजी सरकार,
हमारें दो ही पालनहार।bd।

तर्ज – हमारे दो ही रिश्तेदार।

एक है तो जग के जगदीश्वर,
दूजे तो है स्वयं ही शंकर,
दोनों के चरणों में वंदन,
करूँ मैं बारम्बार,
हमारें दो ही पालनहार।bd।

एक तो भव से पार उतारे,
दूजा हर ले संकट सारे,
दोनों ने दी खुशियां सारी,
दुख से लिया उबार,
हमारें दो ही पालनहार।bd।

एक ने हमको मुक्ति दिलाई,
दूजे ने भक्ति सिखलाई,
दोनों के दरबार में आकर,
सुधर गया संसार,
हमारें दो ही पालनहार।bd।

एक दूजे बिन रह नहीं पाते,
एक दूजे की महिमा गाते,
पंकज किस्मत वाला मिल गया,
दोनों का ही प्यार,
Bhajan Diary Lyrics,
हमारें दो ही पालनहार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हमारे दो ही पालनहार,
एक तो है श्री राम जी,
दूजे बालाजी सरकार,
हमारें दो ही पालनहार।**bd।**

Singer – Shilpi Kaushik

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com